पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को होली की बधाई दी

निराश्रित बच्चों को होली पर राजभवन आमंत्रित किया

राज्यपाल कल पूर्वाह्न 11.00 से 1.00 बजे तक वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से भेंट करेंगे

लखनऊः 21 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने प्रदेशवासियों को होली के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुख समृद्धि की कामना की है ।

होली के अवसर पर जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि होली का पावन पर्व हमें सारे भेदभाव भुलाकर आपसी सद्भाव के वातावरण में पर्व मनाने का सन्देश देता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि भाईचारे का यह त्यौहार सभी सम्प्रदाय एवं वर्गों के बीच प्रेम-स्नेह और सौहार्द की भावना को और मजबूत बनायेगा।

राज्यपाल होली के अवसर पर राजभवन में वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से कल 22 मार्च, 2016 को पूर्वाह्न 11.00 से 1.00 बजे तक भेंट करके बधाई भी देंगे।

अंजुम/ललित/राजभवन (115/37)